कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 cehydelpcl@gmail.com

पत्रांक– 96 –अ–7 / टी0जी0– I(संशोधित) / 2023 दिनांक : 13 / 01 / 2023

## कार्यालय–ज्ञाप

सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं0–12 / विसेआ / 2015 / 623(संशोधित) के अन्तर्गत तकनीशियन ग्रेड–2(प्रशिक्षु)–विद्युत के पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु सम्पन्न हुयी लिखित परीक्षा दिनांक 16.10.2016 एवं अभिलेख सत्यापन के पश्चात् दिनांक 09.12.2016 को घोषित चयन सूची को मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा वाद सं0–58918 / 2016 में दिनांक 07.10.2017 को पारित आदेश द्वारा निरस्त कर दिया गया था। तद्‌ोपरान्त मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गणित या विज्ञान या दोनों में ग्रेस मार्क से हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये लिखित परीक्षा एवं अभिलेखों के सत्यापन के उपरान्त श्रेष्ठता के आधार पर पुनरीक्षित चयन सूची दिनांक 12.12.2017 को निर्गत की गई थी, जिसमें दिनांक 09.12.2016 को घोषित चयन सूची में चयनित 99 अभ्यर्थी चयन परिधि से बाहर हो गये थे, चयन परिधि से बाहर हुये अभ्यर्थियों में से श्री दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित स्पेशल लीव पिटिशन(सिविल) डायरी नं0 31612 / 2019(दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव बनाम विद्युत सेवा आयोग एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 12.10.2022 के अनुपालन में 39 तकनीशियन(टी0जी0–2) अभ्यर्थियों को सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध आयोग द्वारा पत्र सं0–2427 / विसेआ / 12–2015 / टी0जी0– I I (संशोधित) दिनांक 20.12.2022 द्वारा चयनोपरान्त इन अभ्यर्थियों को निदेशक(का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के अनुमोदनोपरान्त वेतन मैट्रिक्स लेवल–04, रू 28000 / –(प्रारम्भिक न्यूनतम वेतन स्तर) एवं अन्य भत्ते (उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार) तथा वर्णित सेवा शर्तो व अन्य प्रतिबन्धों के अधीन निम्न तालिका के स्तम्भ–06 में अंकित डिस्कामों में एतद्‌द्वारा नियुक्ति हेतु आवंटित किया जाता है:–

| S no | Roll No | Name | Father Name | Category | Alloted Discom |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 41102306 | VIJAY KUMAR RAI | ARJUN RAI | GEN | MVVNL, LUCKNOW |
| 2 | 49434433 | DURGESH KUMAR SRIVASTAVA | KANHIYA LAL SRIVASTAVA | GEN | MVVNL, LUCKNOW |
| 3 | 46525461 | KRISH ARYAN | PRAMANAND SHARMA | GEN | MVVNL, LUCKNOW |
| 4 | 46523929 | BIRBAL PRASAD | JAWAHIR | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 5 | 41103756 | MANOJ KUMAR | MAHESH | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 6 | 41204789 | KAMALESH YADAV | LAKSHMAN YADAV | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 7 | 46422860 | NAMONARAYAN SINGH | GURUDEV PRASAD SINGH | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 8 | 49434053 | SACHCHIDA NAND | ANANT LAL | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 9 | 41305759 | ADITYA KUMAR JAISWAL | SHYAM NARAYAN JAISWAL | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 10 | 43511016 | SACHIN | RAM SHARAN | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 11 | 44113755 | NITESH VISHWAKARMA | DAYA SANKER VISHWAKARMA | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 12 | 49433494 | ALOK KUMAR | HARISHCHANDRA | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 13 | 46524608 | JAYANT SINGH YADAV | RAMAWADH YADAV | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 14 | 46221189 | DEEPAK KASHYAP | PANKAJ RAM | OBC | MVVNL, LUCKNOW |

-----2

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 49131963 | SATYENDRA KUMAR PATEL | MANSHA RAM VERMA | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 16 | 46322220 | AKHILESH YADAV | MUNNER YADAV | OBC | MVVNL, LUCKNOW |
| 17 | 46524075 | VIKASH GIRI | RAMAKANT GIRI | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 18 | 43611821 | RAJNESH KUMAR | BHULE RAM | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 19 | 49434415 | SANTOSH KUMAR PAL | RAJ NATH PAL | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 20 | 45317572 | MUKESH KUMAR | RADHEY SHYAM | OBC | DVVNL, AGRA |
| 21 | 43410457 | ALOK KUMAR | PEETAM SINGH | OBC | DVVNL, AGRA |
| 22 | 49332863 | SANJAY YADAV | GHANSHYAM YADAV | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 23 | 43309735 | RAJ KUMAR | HUKAM SINGH | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 24 | 44113430 | PAWAN KUMAR | SHRINATH VERMA | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 25 | 46626691 | SATYA JEET | DEVI PRASAD YADAV | OBC | DVVNL, AGRA |
| 26 | 49132156 | ANIL KUMAR | SURESH PRASAD | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 27 | 41306220 | DILIP KUMAR YADAV | RAM ASARE YADAV | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 28 | 46828110 | RAMESH SINGH YADAV | KAILASH SINGH YADAV | OBC | PVVNL, MEERUT |
| 29 | 46525641 | SANDEEP KUMAR SONKAR | VIJAY LAL SONKAR | SC | DVVNL, AGRA |
| 30 | 41104399 | SUNEEL KUMAR SONKAR | RAMESH KUMAR SONKAR | SC | PVVNL, MEERUT |
| 31 | 41205609 | RAKESH KUMAR | SALIK RAM | SC | PVVNL, MEERUT |
| 32 | 46523707 | RAVIKANT GAUTAV | BATOR RAM | SC | PVVNL, MEERUT |
| 33 | 44214217 | DHARMENDRA KUMAR | HARDEW RAM | SC | PVVNL, MEERUT |
| 34 | 43108498 | MANGAL | PRADESHI | SC | PVVNL, MEERUT |
| 35 | 49131670 | PRADEEP KUMAR KANAUJIYA | SITA RAM KANAUJIYA | SC | PVVNL, MEERUT |
| 36 | 41103946 | RAKESH KUMAR | SWAMINATH | SC | DVVNL, AGRA |
| 37 | 46525135 | RAJ KUMAR RAM | JAGDISH RAM | SC | PVVNL, MEERUT |
| 38 | 47230499 | VINAI KUMAR | BANWARI LAL | SC | PVVNL, MEERUT |
| 39 | 46220352 | AJAY KUMAR RAM | BHAGWAN RAM | ST | DVVNL, AGRA |

(नोटः– यह आवंटन सूची है, वि0से0आ0 द्वारा प्रेषित मेरिट सूची अलग है।)

1. उपरोक्त अभ्यर्थियों को विभिन्न खण्डों में तकनीशियन(विद्युत) (प्रशिक्षु) के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु प्रबन्ध निदेशक द्वारा अपने स्तर से विभिन्न खण्डों को आवश्यकतानुसार आवंटित किया जाएगा एवं सम्बन्धित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा उनकी नियुक्ति यथासम्भव उनके गृह जनपद में इस प्रकार की जाएगी कि उनकी तैनाती उस उपखण्ड में न हो जहाँ पर उनका गृह स्थान स्थित है।

2. **प्रशिक्षण** :– उपरोक्तानुसार नियुक्ति के पश्चात् Classroom प्रशिक्षण निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिया जायेगा, जिसकी सूचना निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ द्वारा सीधे टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) के तैनाती इकाई (डिस्काम) से सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक को दी जायेगी।

उ0प्र0 पाकालि के आदेश सं0 689–काविनी एवं विनियम/पाकालि/ 2018–13–विनियम/2018 दिनांक 17.12.2018 के अनुपालन में ''नव नियुक्त तकनीशियन(विद्युत) अभ्यर्थी को कारपोरेशन में प्रथमतः 01 वर्ष का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिसमें से 01 माह का Classroom अभिविन्यास प्रशिक्षण विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ तथा 11 माह का On Job प्रशिक्षण उनके तैनाती कार्यालयों में प्रदान किया जायेगा। टी0जी0–।।(विद्युत) से यह अपेक्षा होगी कि वह गम्भीरता एवं उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

-----3

**भाग–ए** : जिसमें प्रशिक्षु द्वारा लिये गये Classroom प्रशिक्षण का मूल्यांकन होगा यह भाग 50 अंक का होगा।

**भाग–बी** : जिसमें प्रशिक्षु द्वारा लिये गये On Job प्रशिक्षण का मूल्यांकन होगा यह भाग भी 50 अंक का होगा।

प्रत्येक भाग में प्रशिक्षु को न्यूनतम 25 अंक और भाग–ए एवं भाग–बी को मिलाकर समग्रता में 100 अंक में से 60 अंक का अर्जन, उत्तीर्ण होने हेतु अनिवार्य होगा, तभी उनका प्रशिक्षण समाप्त कर नियमितीकरण का आदेश निर्गत किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षणोपरान्त ली गयी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण काल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया जाएगा, जिसके उपरान्त पुनः नियमितीकरण हेतु इसी प्रकार की प्रकिया दोहरायी जायेगी। पुनः अनुत्तीर्ण होने पर आगे प्रशिक्षण अवधि नही बढ़ायी जायेगी और ऐसे तकनीशियन (विद्युत) की नियुक्ति, उसको अनुपयुक्त पाये जाने के दृष्टिगत समाप्त कर दी जायेगी।''

3. सेवा विनियमावली की धारा 23 (1) के अनुसार इस प्रकार नियुक्त अभ्यर्थी कुल 2 वर्ष के परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रहेंगे एवं इन पर परिचालकीय कर्मचारी सेवा विनियमावली 1995 (यथा संशोधित) के अन्य समस्त प्राविधान एवं शर्ते लागू होगी।

4. विभिन्न डिस्कामों को आवंटित टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत की वरिष्ठता (Seniority) उनकी तैनाती इकाई (डिस्कामों) के सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक द्वारा विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली मेरिट लिस्ट के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

5. ***सचिव, विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक सं0–2427/विसेआ/12–2015/टी0जी0–।। दिनांक 20.12.2022 के अनुपालन में नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी का <u>उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि</u>:–***

    (1) **आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, अँगूठा निशान, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर अँगूठा निशान आदि आपस में मेल खाते हैं।**

    (2) **संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाण पत्रों से जॉच अपने स्तर पर कराना समीचीन होगा।**

    (3) **अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न प्रमाण पत्रों की सम्बन्धित संस्था से प्रमाणिकता की जॉच नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।**

**मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**संख्या– 96 –अ–7/तद्दिनांक 13.01.2023**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उन्हें आवंटित अभ्यर्थियों की, विद्युत सेवा आयोग से प्राप्त समस्त अभिलेखों सहित मूल पत्रावली (फोल्डर) इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन खण्डों के अधिशासी अभियन्ता को उनके खण्डों में तकनीशियन (प्रशिक्षु) विद्युत के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध उपरोक्तानुसार एवं संलग्न प्रारूप की अनुरूपता में उक्त प्रस्तर–5 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये नियुक्ति पत्र यथाशीघ्र निर्गत करने का कष्ट करें :–

1. प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ, आगरा एवं मेरठ को क्रमशः 15, 06 एवं 18 अदद मूल पत्रावलियॉ (फोल्डर) एवं वि0से0आ0 द्वारा उपलब्ध करायी मेरिट सूची संलग्न है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

**(अरूण कुमार)**
**वैयक्तिक सहायक–द्वितीय**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

-----4

संख्या– 96 –अ–7/तद्दिनांक 13.01.2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–**

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पाकालि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पाकालि0, सरोजनी नगर, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पाकालि, एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड, फेज–2, गोमतीनगर, लखनऊ।
5. वैयक्तिक सहायक(षष्ठम्), कार्यालय मुख्य अभियन्ता(हा0), शक्तिभवन विस्तार, लखनऊ।
6. अधिशासी अभियन्ता(वेब), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया वह ज्ञाप को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
7. कट–फाइल

Kumar
13.01.2023

**(अरूण कुमार)**
**वैयक्तिक सहायक–द्वितीय**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**